**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 27.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में 60 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएँ दूरसंचार, रेलवे, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, ग्रामीण आवास सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हैं। प्रधानमंत्री ने गुजरात के सूरत में ओडिशा के बरहामपुर और उधना के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को भी झंडी दिखाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा दोहरी इंजन वाली सरकार के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उन पाँच शीर्ष देशों में शामिल होगा, जिनके पास अपना 4जी और 5जी नेटवर्क होगा।

***************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दुर्गोत्सव की धूम दिख रही है। रांची समेत विभिन्न पूजा समितियों द्वारा एक से एक भव्य और दिव्य पूजा पंडाल बनाये गये हैं। हर ओर मां दुर्गे की जयकारे से गुंजायमान है। इधर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान भीड़ भाड़ वाले इलाकों में लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखना चाहिए और किसी भी असुरक्षित परिस्थिति से बचना चाहए।

***************

नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने राज्य के सभी नगर निकायों को दुर्गा पूजा के दौरान साफ़–सफाई और यातायात लाइटों की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। श्री कुमार ने कहा है कि त्योहारों के दौरान लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं पहुंचाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। प्रधान सचिव ने सभी विभागों से तालमेल बनाकर सडकों की मरम्मत करने के भी निर्देश दिए हैं।

***************

कोडरमा जिले में दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था बनाए रखने और भीड़ नियंत्रण को लेकर जिला प्रशासन की ओर से रूट मैप तैयार किया गया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन–की–बात कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

`

***************

पाकुड़ के जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगो से यातायात नियमों का अनुपालन करने और सड़क दुर्घटना से बचने के उपायों की जानकारी दी गयी। इस मौके पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहनों को जब्त किया गया और वाहन मालिकों से जुर्माना राशि वसूली गयी।

***************

विश्व पर्यटन दिवस पर आज झारखंड समेत देश दुनिया में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस वर्ष का विषय है पर्यटन और सतत परिवर्तन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों और सतत विकास के विजन ने यहां के पर्यटन क्षेत्र को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दी है। पर्यटन निदेशालय की ओर से आज रांची के आड्रे हाउस में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

***************

रांची में आज से नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू हो गयी है। पहले दिन दौड़ और डिस्कस थ्रो समेत कई स्पर्द्धायें आयोजित हुई। एसएससीबी के मणिकांत ने सौ मीटर मेन्स हीट दौड़ में उम्दा प्रदर्शन किया। पांच हजार मीटर मेंस दौड़ भी आयोजित की गयी, जिसमें ऑल इंडिया पुलिस के प्रिंस कुमार प्रथम आये। उन्होंने पांच हजार मीटर की दौड़ लगाने में चौदह मिनट छह सेकेंड का समय लिया।

****************

बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दवाब का क्षेत्र ओडिशा और आंध्र प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इसके प्रभाव से आज भी झारखंड के कई क्षेत्रों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 28 से 30 सितम्बर तक बारिश में कमी के आसार हैं।

****************